प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को किया संबोधित : कहा– अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की स्थिति हासिल कर रहा है आज का भारत।
2. गणतंत्र दिवस को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां पूरी : राज्य के 17 पुलिसकर्मियों को प्रदान किया जाएगा वीरता पदक।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में संत समागम में लिया हिस्सा : कहा–महाकुम्भ एकता का संदेश देने वाला देश और दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन।

और

4. राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दिलाई मतदाता जागरूकता शपथ : कहा– सशक्त लोकतंत्र के लिए जागरूक मतदाता।

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के गणतांत्रिक मूल्यों का प्रतिबिम्ब हमारी संविधान सभा की संरचना में दिखाई देता है, उस सभा में देश के सभी हिस्सों और समुदायों का प्रतिनिधित्व था। बाइट......

*न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता केवल सैद्धांतिक अवधारणा न्याय नहीं है जिनका परिचय हमें आधुनिक युग में प्राप्त हुआ है ये जीवन मूल्य तो सदा से हमारी सभ्यता और संस्कृति का अंग रही है भारत के गणतांत्रिक मूल्यों का प्रतिबिंब हमारी संविधान सभा की संरचना में भी दिखाई देता है उस सभा में देश के सभी हिस्सों और सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व था।*

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि समावेशी विकास हमारी प्रगति की आधारशिला है, जिससे विकास का लाभ व्यापक स्तर पर अधिक से अधिक देशवासियों तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व के परिदृश्य को प्रभावित कर रही है। हाल के वर्षो में आर्थिक विकास की दर लगातार ऊंची रही है, जिससे हमारे युवाओं के लिये रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। बाइट.....

*आज भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व के आर्थिक परिदृश्य्यों को प्रभावित कर रही है। आज का भारत अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नेतृत्व की स्थिति हासिल कर रहा है। संविधान में निर्धारित रूपरेखा के बिना ये व्यापक परिवर्तन संभव नहीं हो सकता था। हाल के वर्षों में आर्थिक विकास की दौर लगातार ऊंची रही है जिससे हमारी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुई हैं। किसानों और मजदूरों के हाथों में अधिक पैसा आया है तथा बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। साहसिक और दूरदर्शी आर्थिक सुधारों के बल पर आने वाले वर्षों में प्रगति की ये रफ्तार बनी रहेगी।*

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने जन कल्याण को नई परिभाषा दी है जिसके अनुसार आवास और पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों को अधिकार माना गया है। वंचित वर्गो के लिये विशेष रूप से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो की सहायता के लिये सभी प्रयास किये जा रहे ह।

————————

गणतंत्र दिवस को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लखनऊ में गणतंत्र दिवस परेड को लेकर यातायात परिवर्तन और जगह जगह बैरिकेंटिंग की गई है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कल सुबह विधान सभा के सामने परेड की सलामी लेंगी। सुरक्षा के मद्देनज़र पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के निर्देश पर पूरे प्रदेश में अलर्ट घोषित किया गया है। बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग की जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए डोन कैमरों से निगरानी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर ने आज शाम विधान भवन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल का ज़ायजा लिया। उन्होंने कहा कि कल होने वाले कार्यक्रम के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतज़ाम किए गए हैं। बाइट......

*कल 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का समारोह मनाया जायेगा, उसके दृष्टिगत हम लोग जिला पुलिस की तरफ से पूर्व चाक–चौबंद सुरक्षा व्यवस्था कर रहे है और आज जितने भी हमारे कर्मचारीगण सुरक्षा व्यवस्था में लगे है उनको आज ब्रीफ किया गया है, उसके साथ ही साथ जितने भी ड्यूटी स्थान है उनके सुरक्षा के दायित्व के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उन्होंने सारी अपनी ड्यूटियों को ठीक समझ लिया है और इसके पश्चात उनकी रिब्लिटी की जायेगी। हमारा यही दृढ़ संकल्प रहेगा कि सुरक्षा व्यवस्था यहां की सुदृढ़ हो।*

गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रदेश के 17 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक देने की घोषणा की गई है। फायर सर्विस

के 16 कर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए वीरता पदक मिलेगा। नागरिक सुरक्षा में उत्कृष्ट और सराहनीय सेवा के लिए 73 कर्मियों, फायर सर्विस में पांच लोगों को सराहनीय सेवा के लिए पदक दिया जाएगा। साथ ही होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के पांच कर्मियों को पदक देकर सम्मानित किया जायेगा।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज पहुंचकर "अखिल भारत वर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ–योगी महासभा" के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात दोहराते हुए कहा कि यह सदी भारत की सदी है और भारत की सदी का मतलब हर क्षेत्र में भारत को विकास की बुलंदियों को छूना है। श्री

योगी ने कहा कि महाकुम्भ एकता का संदेश देने वाला देश और दुनिया कासबसे बड़ा आयोजन है। बाइट.....

*पिछले 10 दिनों के अंदर महाकुंभ त्रिवेणी के इस पावन संगम में 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अब तक स्नान कर चुके हैं और जो बचे हुए 35 दिन है इन 35 दिनों मे संख्या पहुंचेगी 43 करोड़। दुनिया के अंदर कितने देश है जो 45 करोड लोगों को एक अस्थायी सिटी में आमंत्रित करके उनको जोड़ने का संदेश दे रहा हो।*

इसके बाद श्री योगी विश्व हिन्दू परिषद के विराट संत सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में आस्था और आधुनिकता का संगम दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में देश भर से पहुंचे साधु संतों से मुलाकात भी की।

——————————

गणतंत्र दिवस पर महाकुंभ में श्रद्धालु आध्यात्म और भारतीय संस्कृति के साथ, देशभक्ति की त्रिवेणी में भी डुबकी लगाएंगे। मेला क्षेत्र में बने सांस्कृतिक पंडालों में कल देशभक्ति से सराबोर प्रस्तुतियां होंगी। मुख्य पंडाल में दर्शक बॉलीवुड सिंगर साधना सरगम के गीतों का आनंद ले सकेंगे। वहीं बाकी पंडालों में भी शास्त्रीय नृत्य और संगीत के जरिए श्रद्धालु देश की संस्कृति से रूबरू हो सकेंगे।

——————————

संगमनगरी प्रयागराज में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। आज शाम 6 बजे तक 63 लाख से

ज्यादा श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। वहीं 29 जनवरी को होने वाली मौनी अमावस्या पर करीब दस करोड़ श्रद्धालुओं के महाकुंभनगर पहुंचने की संभावना है। इसके मद्देनजर प्रदेश सरकार ने यातायात और भीड़ प्रबंधन के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। एक रिपोर्ट...

*मेला प्रशासन ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि श्रद्धालु स्नान के बाद उसी सेक्टर या जोन से वापस लौटे, जिस सेक्टर से वे घाट की ओर पहुंचे हैं। किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं को संगम नोज या अन्य जोन में जाने की इजाजत नहीं होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस महीने की 27 से 29 तारीख तक जोन के बीच खास कर संगम नोज पर आवाजाही बहुत ही कम रखने का निर्देश दिया गया है। इस बार आसान पहुंच और पवित्र स्नान के लिए 12 किलोमीटर लंबा घाट बनाया गया है। श्रद्धालुओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे प्रवेश के दौरान निकटतम घाट पर ही स्नान करें। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————————

आज पूरे प्रदेश में 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने एनसीसी और एनएसएस की परेड की सलामी ली। उनके साथ लखनऊ की मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब और जिलाधिकारी विशाल जी अय्यर भी मौजूद रहे। श्री रिणवा ने प्रदेश के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की निर्वाचन बढ़ते कदम थीम पर लगाई गई प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भी किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स, कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्राओं को

मतदाता शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के लिए सशक्त और जागरूक मतदाता का होना बेहद जरूरी है। बाइट......

*ये जो हमारा लोकतंत्र है और इसके लिये चुनाव अच्छे से हो सभी लोगों की सहभागिता हो, सभी लोगों का नाम वोटर लिस्ट में हो, सभी लोग वोट डाले, और अचछे जनप्रतिनिधियों को चुने। इस सारे लक्ष्य को लेकर ये आज का दिन हम लोग आयोजित करते है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस ओर इस दिवस के माध्यम से हम चाहेंगे कि उत्तर प्रदेश में हमारी वोटर लिस्ट और अच्छी बने, साफ सुथरी बने, इसमें सभी मतदाता जो आ रहा है उनका नाम आये।*

प्रदेश भर में मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

——————————

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आज राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। अवध शिल्पग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जनपदों को कई श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए। बेस्ट टूरिज्म विलेज श्रेणो में गोल्ड पुरस्कार जैत गांव, मथुराको, सिल्वर पुरस्कार सेल्हा गांव, पीलीभीत को, और ब्रॉन्ज पुरस्कार बुढ़ादाना गांव, औरैया को मिला।

——————————

केंद्रीय रेल राज्यमंत्री वी सोमन्ना ने आज अयोध्या पहुंचकर श्रीरामलला के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर श्री सोमन्ना ने कहा कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन के लिए रेलवे ने अभूतपूर्व तैयारी की है।

(समाप्त)

राष्ट्रपति संबोधन

गणतंत्र दिवस तैयारियां–वीरता पदक

महाकुंभ–गणतंत्र दिवस प्रस्तुति

मुख्यमंत्री–महाकुंभ

मौनी अमावस्या–महाकुंभ

**ब्रेक**

रेल राज्यमंत्री–श्रीरामलला दर्शन

पर्यटन दिवस–जयवीर सिंह